* खाली समय में बच्चों, युवाओं व अन्य सभी को पर्यावरण व मानव उत्थान के इस महायज्ञ में अपनी आहुति कर्म देने के लिए प्रेरित करें एवं परिवेश में फैली इससे जुड़ी भ्रांतियों को कम करने को लेकर प्रयास करें।

* अंत में महत्वपूर्ण ‘पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हुए कृतज्ञ लोगों को समाज में सम्मान दें, ताकि उनसे अन्य लोग प्रेरणा ले सकें।’

जल्द हम नए विचारों के साथ इस पर्यावरण यात्रा के अगले पड़ाव की ओर बढ़ेगें।



राष्ट्रीय आपदा

स्वयंसेवक संघ का सेवाधर्म

यह कोई पहला अवसर नहीं था जब संघ समाज के हर तबके के साथ खड़ा रहे।

डॉ. सौरभ कुमार मिश्र

प्रस्तावना

चीन के वुहान से निकलकर पूरे वैश्विक पटल पर पिछले डेढ़ साल में सभी को निशाना बनाते हुए चाइनीज वायरस कोविड 19 ने हर ओर हाहाकार मचा दिया। नवम्बर 2019 से ही विश्वभर में इसका विभत्स रूप देखा गया। जहाँ स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक व्यवस्थाओं के साथ भावनात्मक रिश्तों ने भी दम तोड़ रहे हैं। इसके प्रकोप से विश्व भर में लाखों लोगों को असमय ही जान से हाथ धोना पड़ा। तो कितने इसकी चपेट में आकर तिल-तिल जीने को मजबूर हुए। पूरे विश्व में त्राहि-त्राहि का माहौल व्याप्त रहा। इसका प्रभाव भारत के सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि पर गहरे से देखा गया। लेकिन चाइना से शुरू हुए इस वायरस की मूल उत्पत्ति की वास्तविकता पर ध्यान दें तो यह संकट मानव की भोगवादी प्रवृत्ति, विलासितापूर्ण जीवन, अनियोजित तथा अनियंत्रित विकास की शोषणपरक नीति की देन है। हमने जिस तरह से प्रकृति के जीवनचक्र से छेड़छाड़ की उसी का खामियाजा पूरे विश्व को भुगतना पड़ा। कथित विकास की आड़ में मनुष्य ने जिस तरह से प्रकृतिक जैव विविधता को नुकसान पहुंचाया है उसकी सजा तो हम सबको भुगतनी ही थी। यह संकट जिसने पूरे विश्व को क्षति पहुचाई स्पष्ट रूप से चीन की देन है। इसलिए अमेरिका के तात्कालिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित

94 वषा क दारान सघ हमशा दश म आने वाली आपदाओं और संकटकाल में समाज की मदद के लिए आगे आता रहा है।

अनेक देशों ने इसे चाइनीज वायरस का नाम दिया। धरती पर मौजूद जो कुछ भी है वो सब कुछ खा जाने की प्रवृत्ति ने चीन को संपूर्ण विश्व के तमाम देशों को परेशानी में डाल दिया। शायद यह इस सदी का सबसे बड़ा संकट है। क्योंकि स्वास्थ्य के साथ-साथ पूरी दुनिया को बड़े आर्थिक संकट से भी गुजरना पड़ा।

यह एक ऐसी आपदा है जो इस सदी में सभी के लिए एक नई चुनौति के रूप में है। लेकिन वैज्ञानिकों, डाक्टर्स ने इस चुनौती को झेलते हुए इसेक टीके की खोज की। जिसने कहीं ना कहीं लोगों को हिम्मत प्रदान किया। लेकिन इस सबके अलावा समाज में एक बड़ा वर्ग था जिसने अपने स्वास्थ्य व जानमाल की फिक्र किए बिना सिर्फ समाज की सेवा में अनवरत लगे रहे। इसमें से एक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। संघ ने इस आपदा रूपी तूफान में डटे रहकर यह साबित कर दिया कि भारत भू पर जब-जब कोई विपत्ति या आपदा आएगी वे पूरी ताकत के साथ इसका सामना कर इस पर विजय भी हासिल करेंगे। यह कोई पहला अवसर नहीं था जब संघ के स्वयंसेवक मजबूती से समाज के हर तबके के साथ खड़े रहे। विगत 94 वर्षों में ऐसे कई अवसर अए जब स्वयंसेवकों ने सेवाधर्म के नए प्रतिमान गढ़े हैं।

शायद यही भाव है जो आज जब पूरा विश्व एक अदृश्य चाइनीज वायरस कोरोना से संघर्ष कर रहा है, तो सेवाभाव का ही परिणाम है कि समाज के सभी वर्गों व धर्मों के लोगों को इससे बचाने के लिए संघ इसके प्रकल्प और स्वयंसेवक पूरी जिम्मेदारी व अपनत्व के साथ आपने आपको आगे ला रहे हैं। कितने ही इससे संक्रमित हो गए, कितनों की मौतें हो गईं। लेकिन समाज कल्याण व राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को जीवंत करता यह संगठन व इसके स्वयंसेवक दिनरात सेवा में लगे हुए हैं। कोई भोजन वितरण में, कोई सेनेटॉइजेशन में, दवा वितरण में, मास्क वितरण, धन संग्रह, रक्तदान जैसे सभी जरूरी कार्यों में अपने आप को तैयार किए हुए हैं। क्योंकि संघ की भावना वसुधैव कुटुम्बकम् की है जिसे लेकर सभी स्वयंसेवक अपना कार्य करते हैं। आज भी इस संकटकाल में अपनी पूरी तत्परता तथा निष्ठा के साथ आर.एस.एस. के सभी प्रकल्प व स्वयंसेवक अपना कार्य कर रहे हैं और करते भी रहेंगे।

राष्ट्रीय आपदाएं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सेवाभाव

हमारी सनातन संस्कृति बहुत ही प्राचीन है। साथ ही उसका चिन्तन में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना निहित है। हम एक विशाल परिवार के सदस्य हैं। इन भावों को अंतःकरण में जगाते हुए ट्सेवा' ही समाज का स्वभाव बने। सेवा एक आंदोलन बने। ऐसा प्रयास करना, आज की सामाजिक आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में डॉ. के. हेडगेवार जी के समय से ही सेवा की परंपरा अविरल चली आ रही है। संघ संस्थापक पू. डॉ. हेडगेवार जी ने अपनी मेडिकल की पढ़ाई करते समय 1913 में बंगाल की दामोदर नदी में आई बाढ़ तथा गंगासागर क्षेत्र में पीड़ितों की जो सेवा की थी। आज की स्थिति में सेवा के इसी भाव को लेकर स्वयंसेवक समाज में कार्य कर रहे हैं। संघ स्थापना के बाद देश में कई आपदाएँ आई। इसमें स्वयंसेवक तन-मन-धन से लगे व समाज को इससे उभारने का प्रयास किया। ऐसे ही कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं-

सन् 1947: त्याग और सेवा की गाथा

मार्च सन् 1947 में रावलपिंडी में जो मुस्लिम दंगे भड़क उठे थे, उनके कारण लाखों हिन्द बेघर हो गए थे। विभाजन के बाद भी वह बराबर होता रहा। एक समूची जाति को उजाड़ दिया गया, उखाड़कर फेंक दिया गया। अनगिनत लोगों की हत्या हुई, उनके अंग-प्रत्यंग काट दिए गए तथा उन्हें अपमानित किया गया। चारों ओर विवशता और नैराश्य का घोर अंधकार था। ऐसे में उन पीड़ितों को लगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही आशा की वह एकमात्र किरण है जो उन्हें सांत्वना और सहायता प्रदान कर सकती थी। स्वयंसेवकों ने ट्पंजाब सहायता समिति' का गठन किया और प्रान्त की हर तहसील में शिविर खोल दिए। इस निमित्त धन के लिए श्रीगुरुजी के अनुरोध का लोगों ने मुक्त हृदय से स्वागत किया। पचास लाख रुपये से भी अधिक की राशि एकत्र की गई। उससे सहायता शिविर चलाए गए।

वनवासी गांवों का पुर्निर्माण

मुलापल्म का समूचा गाँव जल में विलीन हो गया था। संघ के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल शोध संस्थान, दिल्ली के सहयोग से एक आदर्श बस्ती के रूप में उस गाँव का पुनर्निर्माण किया। यह ग्राम अब दीनदयालपुरम् के नाम से जाना जाता है। 110 घरों का यह गाँव पक्के आरसीसी आकल्पन (डिजाइन) का है। गाँव वालों के लिए पीने के पानी और वैज्ञानिक आधार पर बने सामूहिक शौचालयों की व्यवस्था की गई। दीनदयालपुरम् के अतिरिक्त तीन और गाँवों का पुनर्निर्माण किया गया। गुण्टूर जिले में केशवपुरी ग्राम में आदवी बनादीस नामक वनवासियों का पुनर्वास किया गया। कृष्णा जिले के माधवनगर ग्राम में अनुसूचित जाति के लोगों को पुनः बसाया गया। तीसरा गाँव विशाखापट्टनम् जिले में श्रीरामनगर है। वहाँ जितने भी लोगों का पुनर्वास किया गया, वे सभी अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के हैं। श्रीरामनगर प्रकल्प के बारे में दिनांक 13 जुलाई 1979 के 'हिन्द' में समाचार छपा 'विशाखापट्टनम् की संघ शाखा सहायता कार्य में जुटे हैं।

भोपाल गैस त्रासदी और संघ का सेवाभाव (1984)

झीलों की नगरी भोपाल में 3 दिसम्बर 1984 का दिन वर्तमान युग के मानव जीवन के लिए सर्वाधिक त्रासदी का दिन था। उस दिन एकदम सबेरे मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक संयंत्र के संग्रहण टैंक में उग्र रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण लगभग 40 टन अति विषैली गैस 'मिथाइल आइसो साइनेट' रिसकर वातावरण में फैल गई। हमीदिया अस्पताल गैस पीड़ितों से भर गया, पर उनकी तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रबंध पूर्णतया ठप्प हो गए थे। स्वयंसेवकों ने इसमें नगर निगम का हाथ बँटाया और इन प्राथमिक आवश्यकताओं को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया। बेकार पड़े शौचालयों का सुधार और पुनरुद्धार किया गया। पीड़ित परिवारों के सम्बन्धियों को खोजने और उन्हें एक साथ करने के प्रयास किए गए। स्वयंसेवकों ने शवों की पहचान में हर परिवार के लोगों की सहायता की और समुचित दाह संस्कार के लिए प्रबंध भी किए।

लातूर का विनाशकारी भूकंप (सन् 1993)

सन् 1993 में महाराष्ट्र के लातूर और उस्मानाबाद जिलों के कुछ

अंचलों में आया भूकंप भीषणतम भूकंप था। इस भूकंप की चपेट में आकर लगभग 15,000 लोग मारे गए। क्षेत्र के 113 गाँव लगभग विनष्ट हो गए। इस विभीषिका से 38,000 परिवार प्रभावित हुए तथा 800 करोड़ रुपये की आर्थिक हानि हुई। अन्यत्र आए संकटों की भाँति इस महान विपदा में भी यह देखने में आया कि विपदाग्रस्त लोगों की सहायता के लिए संघ के स्वयंसेवक सब ओर से दौड़े आए। देशभर में सहायता के लिए नकद अथवा वस्तुओं के रूप में 5.12 करोड़ रुपये राशि एकत्र की गई थी। ब्रिटेन के सेवा इंटरनेशनल तथा हिन्द स्वयंसेवक संघ ने घर-घर अभियान चलाया तथा अनेक स्थानीय धार्मिक, सामाजिक और वाणिज्यिक संस्थाओं के सहयोग से 1.75 करोड़ रूपये भेजे।

सुनामी में सहायता कार्य

जापान में बार-बार उठने वाला अत्यन्त खतरनाक सुनामी नामक तूफान पूरे वेग से भारत के दक्षिणी तट पर टकराया जिससे जान-माल की अपार क्षति हुई। ऐसी विकट परिस्थिति में उनकी सहायता में पहुँचने वाले सर्वप्रथम समूहों में अ.भा.वि.प. के कार्यकर्ता भी शामिल थे। चेन्नई के आसपास के क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने 12,000 भोजन पैकेट, 40,000 हजार पानी पैकेट और 20 बड़े कॉर्टून कपड़ों का वितरण किया। 4 जिलों के 200 कार्यकर्ता नागपट्टनम् गए और सेवाभारती के साथ मिलकर राहत एवं सेवाकार्य में हाथ बँटाया। मदुराई में दो लॉरी खाघ सामग्री, दवाएँ, ब्रेड, बिस्किट इत्यादि पदार्थ सुनामी पीड़ितों को उपलब्ध कराए गए। पूरे प्रदेश में अभाविप कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य का अनुपम उदाहरण पेश किया। इसी प्रकार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2001 को सबेरे-सबेरे धरती काँप उठी और देखते-ही-देखते कच्छ और भुज का सारा क्षेत्र श्मशान में परिवर्तित हो गया किन्तु उसमें भी अभाविप के बहुत से कार्यकर्ता अपने परिवार की चिंता छोड़ अपने छात्र मित्रों को साथ लेकर लोगों की सहायता में जुट गए। बिना देर किए शवों के निष्पादन और दाह संस्कार के कार्य पूरे किए।

ऐसे कार्यों की लंबी सूची संघ के सेवाभाव की है जो देश में आने वाली आपदाओं के वक्त देखने को मिलती है। उक्त उदाहरण उनमें से कुछ है।

कोरोना काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सेवाधर्म

संकट की इस घड़ी में अपने से पहले समाज को रखते हुए स्वयंसेवकों ने दिन-रात भोजन, मास्क, दवाइयाँ, ऑक्सीजन, इंजेक्शन आदि राहत सामग्रियाँ बांटने में लगे रहे। यदि लॉकडाउन के समय किए गए सेवा कार्यों पर नजर डालें तो संघ के स्वयंसेवकों ने 2020 के बीच करीब 92,656 स्थानों पर 6 लाख से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से 80,75,664 परिवारों को राशन किट, 4,50,82,540 खाने के पैकेट वितरण, 20 लाख प्रवासी मजदूरों की मदद के साथ 15,562 यूनिट रक्तदान किया। इसके अलावा लगातार ऑक्सीजन, इंजेक्शन और भी जरूरी दवाओं के लिए लगातार 24 घंटे डटे रहे। संघ का प्रकल्प सेवाभारती ने लोगों की समस्याओं का अनुमान लगाते हुए कार्यकर्ता 24 घंटे लोगों के फोन कॉल का जवाब देने में लगे रहे और 100 प्रतिशत समस्याओं का समाधान भी किया। इसमें विघार्थी, दैनिक मजदूर, श्रमिकों, रिक्शा चलाने वाले, रेहड़ी वाले, छोटे दुकानदार आदि का सहयोग किया। कुछ उदाहरण देखने को मिले जैसे देहरादून के स्वयंसेवकों ने टोली बनाकर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर जरूरतमंदों को मदद करने का कार्य किया। उनके कुछ सेवाकार्य इस प्रकार रहेः

गरीब बस्तियों को लिया गोद

मध्य-प्रदेश के जबलपुर, कटनी, इंदौर, भोपाल आदि अनेक शहरों में संघ के स्वयंसेवक स्वप्रेरणा से सेवा कार्यों में जुटे रहे। वहाँ उन्होंने कुछ धर्मशालाओं से बात करके जरूरतमंदों को रुकने व भोजन की व्यवस्था कराई तो कुछ गरीब बस्तियों को गोद लेकर उनकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कार्य किया। वहीं छात्रावास, अतिथिशालाओं में फंसे लोगों की मदद के लिए स्वयंसेवक लगातार जुटे रहे। इसी प्रकार अमृतसर शहर में संघ के स्वयंसेवकों ने उन लोगों तक राहत पहुंचायी जो लॉकडाउन के कारण आजीविका नहीं कमा पा रहे थे। स्वयंसेवकों ने स्थानीय प्रशासन की मदद से उन सभी परिवारों को राशन, भोजन व अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध करायीं। इसी प्रकार रोज कमाने खाने वाले ठेला, रिक्शाचलाकों आदि को भी भोजन, राशन पहुंचाने में लगे रहे।

सेवा बस्तियों में सेवाधर्म

मेरठ में एक बड़ी संख्या दैनिक मजदूरी करने वालों की है जो प्रतिदिन पैसा कमाते हैं। इसमें बड़ी तादाद उन लोगों की है जो दूसरे राज्यों या शहरों से जीविका कमाने के लिए आए हैं। लॉकडाउन के कारण जरूरतमंद की कमाई भी पूरी तरह बंद हो गई थी। संकट के इस समय में वहाँ के स्थानीय स्वयंसेवकों ने सेवा बस्तियों में असहाय एवं जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट, दूध और ब्रेड आदि पहुंचाने का कार्य किया ताकि उन्हें दिक्कतों से उबार सकें।

वामपंथी गढ़ में सेवा कार्य

जिस राज्य में आए दिन संघ के कार्यकताओं को वामपंथी अपराधी तत्त्व निशाना बनाते रहे हैं, जहाँ शाखा लगाने से लेकर कार्यक्रम तक करने में बाधा खड़ी की जाती है, उस केरल में स्वयंसेवक आपदा की इस घड़ी में भी हर संभव मदद करने को तत्पर दिखे। केरल की स्वयं सेविकाओं द्वारा फेस मास्क का निर्माण करके उन्हें स्थानीय लोगों, प्रशासन और अस्पतालों में वितरण किया गया। इसके अलावा शहर, गांव और बस्तियों में जाकर स्वयंसेवकों ने इस महामारी से बचने हेतु जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया। इसी प्रकार कर्नाटक, दिल्ली, मुम्बई आदि देशभर में संघ के स्वयंसेवक हर धर्म, समाज के लोगों को इस महामारी से बचाने के लिए दिन-रात लगे रहे। इस आपदा के समय भी संघ के कोरोना कर्मवीरों ने सबसे पहले हाथ बढ़ाकर मदद की।

कोरोना संकटकाल के दौरान संघ के विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा किए गए सेवा कार्य जो बनती रहीं समाचार पत्रों की सुर्खियां-

* सुंदरनगरः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्द परिषद् ने प्रशासन के साथ मिलकर लगभग 500 प्रवासी परिवारों को राशन वितरण किया। इस अभियान को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद् द्वारा लगभग 5 टन राशन वितरण किया गया। - (पंजाब केसरी 28 — मार्च, 2020 में प्रकाशित)

* भारतीय मजदूर संघ (बी.एम.एस.) संगठन ने लॉकडाउन के दौरान ऐसे मजदूरों की समस्या भी उठाई, जिनका कहीं कोई रिकॉर्ड नहीं है। जैसे, फिशरीज, स्ट्रीट वेंडर से लेकर चायबागानों में काम करने वाले, तो सरकारों ने आर्थिक मदद की। बी.एम.एस. ने लॉकडाउन के दौरान पूरे देश में मजदूरों को राशन और फूड पैकेट देने की मुहिम चलाई, और दिल्ली में ही एक लाख से ज्यादा मजदूरों को राशन और भोजन उपलब्ध कराया गया। - (द क्विंट, 5 मई 2020 में प्रकाशित)

* राष्ट्रीय स्वस्यंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के संगठन ट्सेवा भारती' ने लॉकडाउन के दौरान फंसे गरीब जरूरतमंदों की मदद के लिए सूखे राशन की पैकिंग यूनिट शुरू कर पैकेट वितरित किए। सेवा भारती के हजारों स्वयंसेवक दिल्ली की गरीब बस्तियों में लोगों को राशन मुहैया कराने का काम कर रहे हैं। गरीबों और दिहाड़ी मजदूरों के लिए सेवा भारती ने एक राशन की किट तैयार की है जिसे दक्षिणी दिल्ली के ओखला इंडस्ट्रीज इलाके में तैयार किया गया। -

(एबीपी न्यूज, 8 अप्रैल 2020 को प्रसारित)

* इस आपदा से निपटने के लिए आर.एस.एस. ने बस्तियों में आपदा प्रबंधन टोली बनाई। साथ ही शहर भर में 317 सहायता केंद्र भी खोले। इसके माध्यम से करीब 6996 से अधिक परिवारों को खाघान्न सामग्री उपलब्ध कराई गई। पुलिस, स्वच्छता प्रहरियों व चिकित्सा स्टॉफ को मास्क व सैनिटाइजर बांटे गए। - (जागरण समाचार पत्र, 10 अप्रैल 2020 में प्रकाशित)

* राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोगी संगठन भाऊ राव देवरस सेवान्यास ने गरीब और जरूरतमंदों को दोनों वक्त का भोजन कराया, जरूरतमंदों के बीच जाकर खाघ सामग्री के पैकेट, मास्क, सेनेटाइजर, दवाइयां एवं अन्य जरूरी सामग्री बांटकर लोगों को राहत पहुंचाई। - (प्रभासाक्षी, 24 अप्रैल 2020 में प्रकाशित)

* राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए लखनऊ के माधव सभागार में 50 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया। इसके साथ ही प्रदेश में 80 से ज्यादा सरस्वती शिशु मंदिर और अन्य स्कूल-कॉलेजों को आइसोलेशन सेंटर में तब्दील किया। साथ ही सामुदायिक किचन भी स्थापित किए।

- (न्यूज 18, 2 अप्रैल 2020 में प्रकाशित)

* पीलीभीत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने ट्रॉलियों के द्वारा शहर सैनिटाइजर का अभियान चलाया। सुनगढ़ी थाना चौराहा से इस अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्टेशन रोड बाजार, जेपी रोड, चौक बाजार, खकरा समेत अन्य स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव किया गया। - (जागरण सामाचार पत्र, 1 मई 2020 में प्रकाशित)

* फिरोजाबाद में लॉकडाउन के बीच जयपुर से बरेली के लिए निकले सौ से अधिक मुस्लिम लोगों के लिए आरएसएस के पदाधिकारी आगे आए और उन्होंने सभी को पानी, नाश्ता और भोजन कराया। -

(पत्रिका, 30 मार्च 2020 में प्रकाशित)

* अमेरिका में हिंदू स्वयंसेवक संघ के 1,500 से अधिक सदस्यों ने देश में कोरोना वायरस महामारी की चपेट में आने वालों के लिए फंड जुटाया। - (पी.टी.आई., वाशिंगटन)

* अमेरिका में संघ परिवार का एक हिस्सा सेवा इंटरनेशनल पिछले कई हफ्तों में देश के 28 राज्यों में राहत कार्य चला रहा है और इसके तहत 5 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का फंड जुटाया। - (पी.टी.आई., 2020)

* कोरोना की दूसरी लहर के बीच संघ ने भोपाल में चार क्वारंटाइन सेंटर शुरू किए। 70 लोगों के भर्ती करने की व्यवस्था। - (नवदुनिया, 30 अप्रैल 2021 में प्रकाशित)

* देवी अहिल्या कोविड केयर सेंटर तथा राधा स्वामी सत्संग परिसर में बने कोविड सेंटर में 75 से अधिक स्वयंसेवक 24 घंटे करेंगे कार्य। - (विश्व संवाद केन्द्र, 20 अप्रैल 2021)

* कोरोना आपदा की घड़ी में स्वयंसेवक संघ के कई वैचारिक संगठन, समाजसेविकाओं ने आपदा प्रबंधन समूह बनाकर काम शुरू किया। - (उज्जैन, स्वदेश, 22 अप्रैल 2021)

इस प्रकार से 94 वर्षों के दौरान संघ हमेशा देश में आने वाली आपदाओं और संकटकाल में समाज की मदद के लिए आगे आता रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति का संघर्ष हो, देश का विभाजन, बंटवारे की विभीषिका हो, पाकिस्तान, चाइना या अन्य युद्ध हों, चक्रवात, तूफान, महामारी, बाढ़, अकाल या फिर वैश्विक महामारी कोरोना हो आदि प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं में संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा के इतिहास रचते हैं। अनेक दुर्घटनाओं आदि के समय किए गए सेवा कार्य ने संघ के विरोधियों को भी आकर्षित किया है। देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें, इस भाव को मन में रखकर स्वयंसेवक हर अवसर पर तत्पर होकर अपना सर्वस्व समर्पित करने को तैयार रहता है। यही संघ संस्कार है जिसे स्वयंसेवक आजतक पालन कर रहे हैं। अनेक सेवाभाव को स्वयंसेवकों ने सिर्फ आपदाओं के समय ही प्रकट नहीं किया, बल्कि आवश्यकतानुसार समाज के विविध क्षेत्रों में स्थायी सेवा प्रकल्प भी खड़े किए हैं। निर्धन परिवारों को शिक्षा उपलब्ध कराना, चिकित्सा सुलभ कराना, स्वच्छता कार्य, छात्रावास संचालन, ब्लड बैंक खोलना, रोजगार देना इत्यादि कार्यों को करते हुए समाज के निर्माण में कार्यकर्ताओं ने अग्रणी भूमिका निभाई। सही मायने में स्वयंसेवक में जो सेवक है, उसका भाव ही है 'सेवा ही जीवन है'। इसी भाव के साथ संघ का समर्पित स्वयंसेवक जीवनभर समाज, देश के लिए कार्य करता रहता है। इसी प्रकार चीनी कोरोना वायरस जैसे संक्रमण में भी संघ के स्वयंसेवकों ने देशभर में ही नहीं बल्कि विदेशी धरती पर भी संघ के कार्यकर्त्ता देवदूत की तरह सेवा कार्यों में लगे रहे। पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वयंसेवक 'नर सेवा नारायण सेवा' के मंत्र को आत्मसात करते हुए जरूरतमंदों को हर संभव मदद दिया और इस महामारी से निपटने में समाज को सबलता प्रदान किया। आज जब हम इस महामारी के दूसरी लहर पर विजय प्राप्त करने की ओर है। इस दौरान संघ व इसके स्वयंसेवक समाज को पुनः इस महामारी की चपटे से बचाने के लिए जागरूक करने के साथ अगली लहर के प्रकोप से निपटने आपदा प्रबंधन समूह बनाकर तैयार में जुटे हैं।

संदर्भ

1. पाञ्चजन्य, 5 अप्रैल 2020, नई दिल्ली (वही) पृष्ठ, 11-14, वही पृष्ठ-15

2. पाञ्चजन्य, 26 अप्रैल 2020, नई दिल्ली (वही) पृष्ठ 34, वही पृष्ठ 42

3. पाञ्चजन्य, 10 मई 2020, नई दिल्ली (वही) पृष्ठ 6-8, वही पृष्ठ 11-13

4. अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, द्वारा आयोजित वेबीनार।

5. कृतिरूप संघ दर्शन, सेवाभाव, पुष्प 3, भाग 3, श्री भारती प्रकाशन, नागपुर, 2018

6. कृतिरूप संघ दर्शन पुस्तक माला, पुष्प-1, राष्ट्रीय एकात्मता, श्री भारती प्रकाशन नागपुर, 2018

7. कृतिरूप संघ दर्शन, पुस्तक माला, पुष्प-2, शिक्षा संस्कार, श्री भारती प्रकाशन, नागपुर, 2018

8. कृतिरूप संघ दर्शन, पुस्तक माला, पुष्प-4, गो-ग्राम रक्षा

9. कृतिरूप संघ दर्शन, पुस्तक माला, पुष्प-5, अर्थ-आयाम श्री भारती धर्म रक्षा

10. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवाकार्य, विश्व संवाद केन्द्र, संघ केन्द्रीय मीडिया केन्द्र, नई दिल्ली

11. पंजाब, पंजाब केसरी समाचार पत्र (स.प.), सुंदरनगर, 28 मार्च 2020

12. पंजाब केसरी, (स.प.), पंजाब, सुन्दरनगर, 28 मार्च 2020

13. द (वेब पोर्टल), समाचार पत्र (स.प.) बहराइच, उत्तर-प्रदेश, 29 मार्च 2020

14. पायनियर (हिन्दी पोर्टल), उत्तर-प्रदेश, 29 मार्च 2020

(लेखक भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली में उपनिदेशक हैं।)

वृक्ष

हमेशा पूजे जाते हैं हिंदू धर्म में

हिंदू धर्म में प्रत्येक वस्तु व प्राणी वंदनीय है।

डॉ. नीरेत्तमा मौदगिल

हरे भरे वनों में कुलांचे भरते पशु, वृक्षों की टहनियों पर फुदकते चहचहाते पक्षी, देवदूत से अड़िग खड़े पर्वत, झरनों के रूप में बहता दुग्ध धवल नीर भला किसे आनंदित नहीं करता? प्रकृति के यह रमणीय स्थल इसी धरा पर विद्यमान हैं। लेकिन अफसोस हम पढ़े लिखे लोग विकास के नाम पर विनाश करने पर तुले हैं। दरकते पर्वत, उफनती नदियां, धधकते दावानल प्रकृति के विनाश की कहानी कह रहे हैं। प्रकृति समय समय पर अपना रौद्र रुप दिखा कर मनुष्य को चेतावनी दे रही है। लेकिन मानव की स्वार्थ लोलुपता तथा अधिक और अधिक पाने की अंतहीन इच्छा ने उसे अंधा कर दिया है और वह आने पीढ़ी को अंधकारमय भविष्य की और धकेल रहा है।

हमारे पूर्वजों ने प्रकृति को अपने दैनिक क्रियाकलापों के साथ ऐसे बांध रखा था कि मानव और प्रकृति को अलग करना असंभव था। सूर्य को जल अर्पण हो या तुलसी वंदन, परिवार का प्रत्येक सदस्य इसकी महत्ता समझता था तथा प्रकृति से संबंधित कार्य बड़े ही श्रद्धा भाव से किए जाते थे। इसी तरह उन्होंने पेड़ों के महत्व को पहचान कर उन्हें वंदनीय बनाया। यूं तो कण कण में भगवान मानने वाले हिन्द धर्म में प्रत्येक वस्तु व प्राणी वंदनीय है, लेकिन औषधिय महत्व को देखते हुए निम्न वृक्ष विशिष्ट रुप से पूजनीय हैं।

नीम:- घर आंगन को छांव प्रदान करता नीम का पेड़ तो मानो घर का वैद्य ही है। ज्वर होने पर कोमल पत्तियां पानी में पीस कर पिलाना और त्वचा सम्बन्धी रोग होने पर पत्तियों को पानी में उबाल कर नहलाना इसके औषधीय गुण दर्शाता है। अनाज भण्डारण में भी नीम की पत्तियां उपयोग में लाईं जाती हैं। इसकी दातुन मसूड़ों व दांतों को रोगो से बचाता है, तो मीठी निम्बोलियां रक्त शुद्धि के काम आती हैं। इसीलिए नीम एक चमत्कारी वृक्ष माना जाता है। नीम को संस्कृत में निम्ब कहा जाता है। यह वृक्ष अपने औषधीय गुणों के कारण पारंपरिक इलाज में बहुपयोगी सिद्ध होता आ रहा है। चरक संहिता और सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है।

निम्ब शीतों लघुग्राही कतुर कोअग्नी वातनुत।

अध्यः श्रमतुटकास ज्वरारुचिक्रिमी प्रणतु ॥

अर्थात नीम शीतल, हल्का, ग्राही पाक में चरपरा, हृदय को प्रिय, अग्नि, वाट, परिश्रम, तृषा, अरुचि, क्रीमी, व्रण, कफ, वामन, कोढ़ और विभिन्न प्रमेह को नष्ट करता है। नीम के पेड़ का औषधीय के साथ-साथ धार्मिक महत्त्व भी है। मां दुर्गा का रूप माने जाने वाले इस पेड़ को कहीं-कहीं नीमारी देवी भी कहते हैं और इस पेड़ की पूजा की जाती है।

वट/बरगद:- चौपाल शब्द का उच्चारण करते ही आंखों के सामने एक घने छायादार वृक्ष के नीचे बैठे गांव के बुजुर्गों का चित्र उभर कर आता है। ये बड़े बूढ़े न केवल अपने जीवन के अनुभव युवी पीढी के साथ बांटते हैं, बल्कि उन पर नजर भी रखते हैं। गाँव में किसी अपरिचित के प्रवेश करते ही उनकी आँखें चौकन्नीं हो जाती हैं। इसीलिए तो सारे गाँव की स्त्रियाँ अपने आप को सुरक्षित महसूस करतीं हैं। बरगद का घना छायादार पेड़ वायु शुद्ध करने के साथ साथ अपने आस पास के वातावरण को शीतलता प्रदान करता है। इसकी जड़ें भूमि कटाव को रोकतीं हैं। टहनियाँ अनेक प्रकार के पक्षियों का आश्रय स्थल होने के साथ साथ गाँव भर के बालकों का क्रीड़ा स्थल भी होतीं हैं जहाँ हर परिवार के बच्चे भयमुक्त वातावरण में खेलते हैं और उनकी माताएँ निश्चिन्त हो कर अपने घर का काम निपटाती हैं।

वट सावित्री पूजा का सम्बन्ध पेड़ के अस्तित्व को बचाए रखने से है। यह पूजा सुहागिन स्त्रियों द्वारा घर की सुख शान्ति व पति की दीर्घायु हेतु की जाती है। बरगद के पेड़ की पूजा व परिक्रमा करते हुए दीपक जला कर सुख, शान्ति व समृद्धि के साथ साथ परिवार के सदस्यों की दीर्घायू का वरदान मांगा जाता है। ग्रामीण अंचल में इस वृक्ष का विशिष्ट महत्व है।

पीपल:- सभी प्राणीयों को प्राणवायु प्रदान करने वाला पीपल का वृक्ष भारतीय संस्कृति में विशेष रुप से वन्दनीय है। अन्य पेड़ों की तुलना में यह वृक्ष अधिक मात्रा में तथा दिन रात आक्सीजन प्रदान करता है। डाक्टर भी अस्थमा के मरीजों को पीपल के पेड़ के नीचे बैठना की सलाह देते हैं। पीपल के प्रत्येक तत्व जैसे छाल, पत्ते, फल, बीज, दूध, जटा एवं कोपल तथा लाख सभी प्रकार की आधि-व्याधियों के निदान में काम आते हैं। हिंदू धार्मिक ग्रंथों में पीपल को अमृततुल्य माना गया है। स्कंद पुराण के अनुसार पीपल की जड़ में श्री विष्णु, तने में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तों में भगवान श्री हरि और फल में सब देवताओं से युक्त भगवान का अच्युत निवास है। इसीलिए पीपल के वृक्ष का पूजन किया जाता है। पीपल का वृक्ष विशेष रुप से वन्दनीय होने के कारण इसको काटना मना है। देखा जाए तो इस वृक्ष को कटने से बचाने के लिए ही पीपल को पूजा अर्चना के साथ जोड़ा गया है।

आंवला:- आधुनिक युग के किसी भी प्राणी से आंवला की महत्ता छिपी नहीं है। विटामिन सी से भरपूर आंवला मनुष्य को कईं रोगों से बचाने के साथ साथ चिरयुवा भी वनाए रखता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और शिव जी वास करते हैं। इसलिए आंवले की पूजा करने से आरोग्यता और सुख-समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला (अक्षय) नवमी कहते हैं। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है।

आम:- आम का फल दुनियाभर में अपने स्वाद के लिए जाना जाता है, लेकिन हिंदू धर्म में अनुयायियों के लिए आम के वृक्ष का धार्मिक महत्व भी है। घर में जब भी कोई शुभ कार्य होते हैं, तो मुख्य द्वार या पूजा स्थल के द्वार व दीवारों पर आम के पत्तों की लड़ी लगाई जाती है। धार्मिक पंडाल और मंडपों में सजावट के लिए आम के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। यज्ञ में भी आम की लकड़ी का उपयोग होता है। आम भी आरोग्यता प्रदान परने वाला फल है।

खेजड़ी/शमी:- खेजड़ी के वृक्ष का किसानों से गहरा सम्बन्ध है। यह वृक्ष सूखा पड़ने की पूर्व सूचना देता है। जिससे किसान आने वाली विपत्ति का सामना करने के लिए प्रबन्ध कर लेते हैं। वराहमिहिर के अनुसार जिस साल शमी वृक्ष ज्यादा फूलता-फलता है उस साल सूखे की स्थिति का निर्माण होता है। हिंदू धर्म में शमी या खेजड़ी के वृक्ष की भी पूजा की जाती है। दशहरे के दिन शमी के वृक्ष की पूजा करने की परंपरा रही है। लंका विजय से पूर्व भगवान राम द्वारा शमी

के वृक्ष की पूजा का उल्लेख मिलता है। पांडवों द्वारा अज्ञातवास के अंतिम वर्ष में गांडीव धनुष इसी पेड़ में छुपाए जाने के उल्लेख मिलते हैं। शमी या खेजड़ी के वृक्ष की लकड़ी यज्ञ की समिधा के लिए पवित्र मानी जाती है। वसन्त ऋतु में समिधा के लिए शमी की लकड़ी का प्रावधान किया गया है।

बिल्व/बेल:- बिल्व वृक्ष की तासीर बहुत शीतल होती है। गर्मी की तपिश से बचने के लिए इसके फल का शर्बत बड़ा ही लाभकारी होता है। यह शर्बत कुपचन, आंखों की रोशनी में कमी, पेट में कीड़े और लू लगने जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए उत्तम है।

इसकी पत्तियाँ उच्च रक्तचाप में पयोगी होती हैं। औषधीय गुणों से परिपूर्ण बिल्व की पत्तियों मे टैनिन, लोह, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नेशियम जैसे रसायन पाए जाते हैं। कहा जाता है कि बेल वृक्ष के कांटों में भी कई शक्तियाँ समाहित हिन्द धर्म में इसे भगवान शिव का रूप ही माना जाता है।

अशोक:- अशोक का वृक्ष वात-पित्त आदि दोष, अपच, तृषा, दाह, कृमि, शोथ, विष तथा रक्त विकार नष्ट करने वाला है। यह रसायन और उत्तेजक है। इसके उपयोग से चर्म रोग भी दूर होता है। अशोक का वृक्ष घर में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचारण बना रहता है। हिन्द धर्म में अशोक वृक्ष को पवित्र और लाभकारी माना गया है। मांगलिक एवं धार्मिक कार्यों में अशोक के पत्तों का प्रयोग किया जाता है। मान्यता है कि अशोक वृक्ष घर में लगाने से मनुष्य को सभी शोकों से मुक्ति मिल जाती है।

अशोक का वृक्ष दो प्रकार का होता है-एक तो असली अशोक वृक्ष और दूसरा उससे मिलता-जुलता नकली अशोक वृक्ष। नकली अशोक वृक्ष देवदार की जाति का लंबा वृक्ष होता है। असली अशोक का वृक्ष आम के पेड़ जैसा छायादार वृक्ष होता है। सुनहरे लाल रंग के फूलों वाला होने से इसे 'हेमपुष्पा' भी कहा जाता है।

नारियल का वृक्ष:- नारियल हिंदू धर्म के सभी पूजा-पाठ का महत्वपूर्ण अंग है। पूजा के दौरान कलश में पानी भरकर उसके ऊपर नारियल रखा जाता है। यह मंगल प्रतीक है। नारियल का प्रसाद भगवान को चढ़ाया जाता है। इस वृक्ष का प्रत्येक भाग किसी न किसी काम में आता है। ये वृक्ष किसानों के लिए बड़े उपयोगी सिद्ध हुए हैं। इनसे घरों के पाट, फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं। पत्तों से पंखे, टोकरियां, चटाइयां आदि बनती हैं। इसकी जटा से रस्सी, चटाइयां, ब्रश, जाल, थैले आदि अनेक वस्तुएं बनती हैं। यह गद्दों में भी भरा जाता है। नारियल का तेल सबसे ज्यादा बिकता है।

नारियल के पानी में पोटेशियम अधिक मात्रा में होता है। इसे पीने से शरीर में किसी भी प्रकार की सुन्नता नहीं रहती। अगर आप पाचन की समस्या में भी नारयिल पानी बहुत लाभप्रद है। नारियल के गूदे का इस्तेमाल नाड़ियों की समस्या, कमजोरी, स्मृति नाश, पल्मनरी अफेक्शन्स (फेफड़ों के रोगों) के उपचार के लिए किया जाता है। यह त्वचा संबंधी तथा आंतड़ियों संबंधी समस्याओं को भी दूर करता है। अस्थमा से पीड़ित व्यक्तियों को भी नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है।

केला/कदली:- केले का पेड़ हिन्द धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है और धार्मिक कार्यों में इसका काफी प्रयोग किया जाता है। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी को केले का भोग लगाया जाता है। केले के पत्तों में प्रसाद बांटा जाता है। माना जाता है कि समृद्धि के लिए केले के पेड़ की पूजा अच्छी होती है। केला हर मौसम में सरलता से उपलब्ध होने वाला अत्यंत पौष्टिक एवं स्वादिष्ट फल है। केला रोचक, मधुर, शक्तिशाली, वीर्य व मांस बढ़ाने वाला, नेत्रदोष में हितकारी है। पके केले के नियमित सेवन से शरीर पुष्ट होता है। यह कफ, रक्तपित, वात और प्रदर के उपद्रवों को नष्ट करता है।

अनार/दाड़िम:- पूजा के दौरान पंच फलों में अनार को भी शामिल किया जाता है। मान्यता है कि अनार के वृक्ष से सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता हैं। जहाँ इस वृक्ष के फल, फूल व कलियाँ देखने में बहुत सुन्दर होते हैं वहीं इस वृक्ष के कई औषधीय गुण भी हैं। अनार का प्रयोग करने से खून की मात्रा बढ़ती है। इससे त्वचा सुंदर व स्निग्ध होती है। प्रतिदिन अनार खाने से त्वचा का रंग निखरता है।

अनार के छिलकों के एक चम्मच चूर्ण को कच्चे दूध और गुलाब जल में मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरा दमक उठता है। अपच, दस्त, पेचिश, दमा, खांसी, मुंह में दुर्गंध आदि रोगों में अनार लाभदायक है। इसके सेवन से शरीर में झुर्रियां या मांस का ढीलापन समाप्त हो जाता है।

वृक्षों का महत्व जानने वाले हमारे पूर्वजों ने वृक्षों का महत्व देखते हुए इन्हें पूजा पाठ व त्योहारों के साथ जोड़ दिया, ताकि कालान्तर में इनकी रक्षा की जा सके। शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति एक पीपल, एक नीम, दस इमली, तीन कैथ, तीन बेल, तीन आंवला और पांच आम के वृक्ष लगाता है, वह पुण्यात्मा होता है और कभी नरक के दर्शन नहीं करता।

नवग्रह वाटिका

पौधे लगाते समय विभिन्न कोणों का भी ध्यान रखा गया है।

पर्यावरण गतिविधि टीम

ग्रह: पृथ्वी से आकाश की ओर देखने पर आसमान में स्थिर दिखने वाले पिंड़ों/छायाओं को नक्षत्र और स्थिति बदलते रहने वाले पिंड़ों/ छायाओं को ग्रह कहते कहते हैं। ग्रह का अर्थ है पकड़ना। संभवत: अंतरिक्ष से आने वाले प्रवाहों को धरती पर पहुंचने से पहले ये पिंड और छायाएं उन्हें टीवी के एंटीना की तरह आकर्षित कर पकड़ लेती हैं और पृथ्वी के जीवधारियों के जीवन को प्रभावित करती हैं। इसलिए इन्हें ग्रह कहा गया है और बहुत महत्त्व दिया गया है।

नवग्रह वाटिका व्याख्या

नवग्रह: भारतीय ज्योतिष मान्यता में ग्रहों की संख्या 6 मानी गई है, जैसा निम्र श्लोक में वर्णित है-

सूय्र्यचन्द्रो मंगलश्च बुधश्चापि बृहस्पति:।

शुक्र: शनेश्चरो राहु: केतुश्चेति नव ग्रहा:।।

अर्थात् सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु ये नवग्रह हैं। इनमें प्रथम 7 तो पिंडीय ग्रह हैं और अंतिम दो राहु और केतु पिंड रूप में नहीं हैं, बल्कि छाया ग्रह हैं।

ग्रह शांति: ऐसी मान्यता है कि इन ग्रहों की विभिन्न नक्षत्रों में स्थिति का विभिन्न मनुष्यों पर विभिन्न प्रकार का प्रभाव पड़ता है, ये प्रभाव अनुकूल और प्रतिकूल दोनों होते हैं। ग्रहों के प्रतिकूल प्रभावों के शमन के अनेक उपाय बताये गये हैं, जिनमें एक उपाय यज्ञ भी है।

पमिधायें: यज्ञ द्वारा ग्रह शांति के उपाय में हर ग्रह के लिए अलग अलग विशिष्ट वनस्पति की समिधा (हवन प्रकाष्ठ) प्रयोग की जाती है, जैसा निम्न श्लोक में वर्णित है-

अर्क: पलाश: खदिरश्चापामार्गोऽथ पिप्पल:।

औडम्बर: शमी दूव्र्वा कुशश्च समिध: क्रमात्।।

अर्थात अर्क (मदार), पलाश, खदिर (खैर), अपामार्ग (लटजीरा), पीपल, ओड़म्बर (गूलर), शमी, दूब और कुश क्रमश: (नवग्रहों की) समिधायें हैं।

ग्रह अनुसार वनस्पतियों की सूची

इस तरह ग्रह अनुसार वनस्पतियों की सूची निम्न प्रकार है-

सूर्य - अर्क (आक)

चन्द्र - पलाश (ढाक)

मंगल - खादिर (खैर)

बुध - अपामार्ग (लटजीरा)

बृहस्पति - पिप्पल (पीपल)

शुक्र - औड बर (गूलर)

शनि - शमी (छयोकर)

राहु - दूर्वा (दूब)

केतु - कुश (कुश)

ग्रह शांति के यज्ञीय कार्यों में सही पहचान के अभाव में अधिकतर लोगों को सही वनस्पति नहीं मिल पाती, इसलिए नवग्रह वृक्षों को धार्मिक स्थलों के पास रोपित करना चाहिए, ताकि यज्ञ कार्य के लिए लोगों को शुद्ध सामग्री मिल सके। यही नहीं, यह विश्वास किया जाता है कि पूजा–अर्चना के लिए इन वृक्ष वनस्पतियों के संपर्क में आने पर भी ग्रहों के कुप्रभावों की शांति होती है, अतः नवग्रह वनस्पतियों के रोपण की महत्ता और बढ़ जाती है।

ग्रहों से संबंधित वृक्ष इस प्रकार हैं...

सूर्य - मंदार

चन्द्र - पलाश

मंगल - खैर

बुध - लटजीरा, आँधीझाड़ा

गुरु - पारस पीपल

शुक्र - गूलर

शनि – शमी

राहु-केतु - दूब चन्दन

नक्षत्र वृक्षों की तालिका

अश्विनी - कुचिला

भरणी - आमला

कृत्तिका - गूलर

रोहिणी - जामुन

मृगशिरा - खैर

आर्द्रा - शीशम

पुनर्वसु - बाँस

पुष्य - पीपल

आश्लेषा - नागकेशर

मघा - बरगद

पूर्व फाल्गुनी - पलाश

उत्तर फाल्गुनी - पाठड़

हस्त - अरीठा

चित्रा - बेलपत्र

स्वाती - अर्जुन

विशाखा - कटाई

अनुराधा - मौल श्री

ज्येष्ठा - चीड़

मूल - साल

पूर्वाषाढ़ा - जलवन्त

उत्तराषाढ़ा - कटहल

श्रवण - मंदार

घनिष्ठा - शमी

शतभिषा - कदम्ब

पूर्वभाद्रपद - आम

उत्तरभाद्रपद - नीम

रेवती - महुआ



नवग्रह वाटिका में पौधे लगाते समय विभिन्न कोणों का भी ध्यान रखा गया है। उत्तर दिशा में पीपल, ईशान कोण में लटजीरा, पूर्व में गूलर, आग्नेय कोण में ढाक व दक्षिण में खैर लगाया गया है। ध्यान रखें की पीपल के वृक्ष का प्रयोग क्षय रोग व गर्भस्राव में, गूलर घावों को भरने व मूत्ररोगों में, खदिर त्वचा संबंधी रोगों में व पलाश पेट के कीड़ों को दूर करने में प्रयुक्त होता है। अलग-अलग नौ ग्रहों के अनुसार नवग्रह वाटिका में अलग-अलग पेड़-पौधे लगाये जाते हैं, जिसका ज्योतिषीय प्रभाव अलग-अलग होगा। वहीं संबंधित ग्रह के शमन के लिए लोग उससे संबंधित पेड़-पौधों का उपयोग व आनंद प्राप्त कर सकेंगे। इसमें सूर्य के लिए मंदार का पौधा लगाया जायेगा। चंद्रमा के लिए पलाश, मंगल के लिए खैर, बुद्ध के लिए चिरचिरी, बृहस्पति के लिए पीपल, शुक्र के लिए गुलड़, शनि के लिए शमी, राहु के लिए दुर्वा व केतु के लिए कुश लगाया जायेगा।

पर्यावरण संरक्षण

कुड़ी गांव का कमाल

विद्यार्थियों के अथक प्रयास से आज वृक्षविहीन पहाड़ी हुई हरीभरी।

जोधपुर के एक गांव कुड़ी (भोपालगढ़) का विद्यालय, जहां स्वयंसेवक शिक्षक लालाराम जी भाटी कार्यरत थे। लालाराम जी की प्रेरणा से विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। लालाराम जी का स्थानान्तरण हो गया, परन्तु विद्यार्थियों के हृदय में पर्यावरण संरक्षण का भाव अंकुरित हो चुका था। महेंद्र सिंह, गणपतराय, छोटाराम, सीताराम, तेजाराम, जयराम, दिनेश, रामभरोसे, श्रवण, राकेश एवं महंत भंवरनाथ ने मिलकर गांव में स्थित एक छोटी सी पहाड़ी के कायाकल्प की योजना बनाई। पहाड़ी पर नाथ पंथ के संत सुजाननाथ की तपोस्थली है, जो कि सम्पूर्ण ग्रामवासियों की असीम श्रद्धा का केंद्र है। संत के प्रति श्रद्धा इतनी है कि प्रत्येक ग्रामवासी जातिगत भेदभाव के अभाव में सभी मांगलिक कार्यों में सर्वप्रथम संत की पूजा करते हैं।

विद्यार्थियों ने इसी पहाड़ी पर बैठकर अपने कार्य का शुभारम्भ किया। धन की आवश्यकता के रूप में प्रथम समस्या का सामना हुआ। इसके समाधान के रूप में तत्काल श्री सुजाननाथ सेवा समिति के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया एवं उसमे पहाड़ी के कायाकल्प के लिए सहयोग की प्रार्थना की गयी। 10-15 दिवस में ही सहयोग राशि के रूप में दो लाख आठ हजार पांच सौ इकसठ रूपये एकत्र हो गए। शुभ मुहूर्त में जेसीबी से खड्डा खुदवाकर कार्य प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात उसमें रेत भरवाई गयी। गाँव की अन्य युवा शक्ति को भी जोड़ा गया। सभी ने श्रमदान किया और वृक्षविहीन पहाड़ी पर दो सौ इक्कीस पौधे ट्री गार्ड सहित लगाये गए। विद्यार्थियों सहित गांव की अन्य युवा शक्ति ने वर्षभर देखभाल की। पूरे वर्ष में मात्र चार पौधे नष्ट हुए, जिनके स्थान पर पुनः दूसरे पौधे लगाये गए।

वृक्षविहीन पहाड़ी पर दो सौ इक्कीस पौधे ट्री गार्ड सहित लगाये गए। विद्यार्थियों सहित गांव की अन्य युवा शक्ति ने वर्षभर देखभाल की। पूरे वर्ष में मात्र चार पौधे नष्ट हुए, जिनके स्थान पर पुनः दूसरे पौधे लगाये गए।

अगले वर्ष अर्थात 14 जून 2021 को इन पौधों की वर्षगांठ का भव्य उत्सव रखा गया, जिसमे रात्रि जागरण के पश्चात् सम्पूर्ण ग्रामवासियों के लिए प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। ब्लड डोनेशन कैम्प में 79 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। भामाशाहों एवं रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर चार लाख इकत्तीस हजार रूपये एकत्र हुए तथा एक सौ इक्कीस पौधे और लगाये गए। सम्पूर्ण वर्षा ऋतु में पौधरोपण का कार्य अनवरत चलता रहेगा। धन के सदुपयोग के लिए वित्त समिति के द्वारा खर्च का सम्पूर्ण हिसाब रखा जाता है। पहाड़ी पर जल की समस्या के समाधान के रूप में एक पर्यावरण प्रेमी श्री लुम्बा राम जी भाटी ने ट्यूबवेल खुदवाई, जिसकी लागत दो लाख तीस हजार रूपये आई। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नीलगाय तथा जंगली सूअरों से पौधों पर निरंतर संकट की स्थिति थी, इसलिए इस वर्ष पहाड़ी के चारों ओर पत्थर की दीवार करवाई गयी। विद्यार्थियों के अथक प्रयासों से आज वृक्षविहीन पहाड़ी दूर से ही हरी भरी दिखाई देती है।

पर्यावरण
PERSPECTIVE

Contact Us At:
9449802157
sanrakshanparyavaran@gmail.com

Don’t forget to visit

WWW.PARYAVARANPERSPECTIVE.COM